राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎0141–2722520

क्रमांक :–F.6 (907)RSSB /IT / Jr.Instt.(16 Trade)/2024 / 737 दिनांक :– 5.1.2025

विज्ञप्ति

बोर्ड द्वारा कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न पदों हेतु सीधी भर्ती–2024 विज्ञापन सं. 08/2024 तथा कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न व्यवसाय के पदों हेतु सीधी भर्ती 2024 विज्ञापन संख्या 09/2024 जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् माननीय न्यायालय के आदेश से ऑफलाइन आवेदन बोर्ड कार्यालय में जमा करवाये गये है।

पूर्व में दिनांक 30.12.2024 को बोर्ड के कार्यालय आदेश RajKaj Ref No.: 12718071 द्वारा 270 याचिकाकर्ताओं के ऑफलाइन आवेदन अस्वीकार किये गये थे। माननीय उच्च न्यायालय व बोर्ड के नवीनतम आदेशों की अनुपालना में अब उक्त समस्त याचिकाकर्ताओं **(जिन्हें ऑफलाइन आवेदन स्वीकार करने का माननीय न्यायालय का आदेश प्राप्त हो)** को भी ऑफलाइन प्रवेश पत्र जारी किये जा रहे है।

उक्त सूची में अंकित समस्त अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर **ऑफलाइन आवेदन स्वीकार करने का माननीय न्यायालय का आदेश (जिसमें याचिकाकर्ता का नाम अंकित हो), दो नवीनतम फोटो (जो एक माह से ज्यादा पुरानी न हो), कोई दो मूल पहचान पत्र (स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ) प्रस्तुत कर अपना ऑफलाइन प्रोविजनल प्रवेश पत्र** प्राप्त कर सकते है।

उप सचिव